### नर्मदा जयंती महोत्सव में वर्चुअल शामिल हुए सीएम डा. यादव, जिलेभर में धूमधाम से मनी मां नर्मदा जयंती, हजारों लोगों ने किया नर्मदा जी में दीपदान

# नर्मदापुरवासी सौभाग्यशाली, यहां है नर्मदा-तवा का संगम

**जागरण नर्मदापुरम।** पुण्य सलिला मां नर्मदा का दो दिवसीय प्रकटोत्सव का मुख्य आयोजन रविवार को सेठानी घाट के जलमंच से हुआ। जिसमें परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने धर्माचार्य सोमेश परसाई एवं पं. गोपाल प्रसाद खड्डर. पं. विनोद दुबे के आचार्यत्व में सपत्नीक नर्मदा प्राकट्योत्सव के अवसर पर सेठानी घाट पर विधिवत मां नर्मदा का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वर्चुअल उपस्थित रहे। उन्होंने 20 करोड रूपये की राशि से निर्मित किए जाने वाले नर्मदा लोक कॉरिडोर एवं जल निकासी संरचना के निर्माण कार्य का वर्चुअल भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदापुरम वासी सौभाग्यशाली है क्योकि यहां नर्मदा एवं तवा नदी का अद्भुत संगम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा लोक कॉरिडोर के निर्माण से जिले में पर्यटन एवं इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मां नर्मदा का महत्व सभी नदियो से अलग है। स्वयं माता अहिल्या ने मां नर्मदा की कृपा से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रेरणा देते हुए देश की चारों दिशाओं में विकास के कार्य किए।

मंत्री श्री राव ने जलमंच से संबोधित करते हुए कहा कि नर्मदा जल की माटी हमें गौरव प्रदान करती है। उन्होने कहा कि प्रदेश में 200 नए सांदीपनी स्कूल खोलना प्रस्तावित है। नर्मदापुरम जिले में भी आवश्यकता के अनुसार सांदीपनी स्कूल खोले जाएंगे।

इसके पूर्व विधायक डॉ सीता सरन शर्मा ने विभिन्न मांगे मंत्री श्री राव के समक्ष रखी। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि नर्मदा लोक कॉरिडोर निर्माण के कार्य से समूचा नर्मदापुरम जिला भारत में एक आर्दश मॉडल के रूप में पहचाना जाएगा। नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव ने स्वागत भाषण दिया, इस अवसर पर नगर पालिका की विकास गाथा से संबंधित स्मारिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, विजयपाल सिंह, ठाकुरदास नागवंशी, म.प्र. तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीती शुक्ला, महेंद्र यादव नपा के पार्षदगण, कलेक्टर सोनिया मीना, एसपी साई कृष्णा एस थोटा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।






**मॉ नर्मदा की प्रतिमा का अनावरण किया :** परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भोपाल तिराहा पर स्थापित मॉं नर्मदा जी की 8 फीट की भव्य मूर्ति का अनावरण किया तथा 40 फीट ऊंचे त्रिशूल का लोकार्पण किया। गौरतलब है कि शहर के प्रवेश द्वार के रूप में भोपाल तिराहे का राजस्थानी लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण नपा द्वारा कराया गया है। जिसके बाद भोपाल तिराहे की सुंदरता देखते ही बन रही है। भोपाल तिराहे पर ही शहर की आध्यात्मिक ऊर्जा और पहचान के रूप में मां नर्मदा की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। इसका अनावरण मंत्री श्री राव द्वारा किया गया। इस दौरान भोपाल तिराहा मां नर्मदा के जयकारे से गूंज उठा।

## आटे एवं पत्ते से बने 51 हजार दीपों का किया दीपदान

मां नर्मदा प्राकट्योत्सव कार्यक्रम के दौरान ऐतिहासिक सेठानी घाट में आटे एवं पत्तों से बने 51 हजार दीपों का दीपदान किया गया। दीपदान की यह माला संपूर्ण नदी क्षेत्र को भव्य रूप प्रदान कर रही थी। इस अवसर पर म्यूजिकल फाउण्टेन लेजर शो का भी आयोजन किया गया। साथ ही नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम गौरव दिवस के अवसर पर लोकप्रिय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

## प्रमुख चौक- चौराहों का हुआ सौंदर्यीकरण, घरों में जले दीप


नर्मदा प्रकटोत्सव के अवसर पर शहर में पिछले अनेक दिनों से नपा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया था तथा सभी घाटों पर एवं अनेक चौराहों व स्थानों पर विशेष सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। घाट सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर आकर्षक लाइटिंग की गई थी। वहीं शहरवासियों ने भी अपने घरों में दीपक जलाकर नर्मदा प्रकटोत्सव का उल्लास मनाया।



मां नर्मदा प्रकटोत्सव को लेकर जन मानस में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर लोगों ने स्नान कर पूजन अर्चन किया। वहीं शहर के हर चौक चौराहों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया गया। कोरी घाट पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विधि विधान के साथ मां नर्मदा का पूजन किया और हजारों की संख्या में दीपदान किया। वहीं दांगी घाट पर विगत वर्षों की भांति पर्यावरण और पवित्रता को ध्यान रखते हुए वृक्ष की डालियों पर1000 मिट्टी के दीए प्रज्जवलित किए। इसके पूर्व आचार्य नरेश परसाई ने शिष्य मंडल के साथ विधि विधान से मां नर्मदा का अभिषेक एवं पूजन किया । इस दौरान भारत विकास परिषद के सदस्यगण एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नर्मदा जयंती पर रेवामुहारी के रोकड़िया हनुमान मंदिर में हुई मां नर्मदा की महाआरती

**जागरण सोहागपुर।** नर्मदा जयंती के पावन पर्व पर रेवा मोहारी तट पर श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। चाँदीखेड़ी वाले सीताराम जी महाराज और त्यागी जी महाराज की दिव्य प्रेरणा से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान दास महाराज ने बताया कि कार्यक्रम का आरंभ सीताराम राम संकीर्तन के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। शाम के समय माँ नर्मदा की भव्य महाआरती की गई। दीपों की रोशनी और मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने मां रेवा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस दौरान जमनी सरोवर के गुलशन महाराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




















**In The Court Of Civil Judge, Senior Division, District Court, Seoni Malwa, District Narmadapuram**

Presiding Officer : सुश्री अंजली अग्रवाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)(MJCSUC/0000017/2025)

पंकज मिश्रा....................... वादी

Vs

भारतीय जीवन बीमा निगम,............प्रतिवादी

Process Id- 40/2026 पेशी दिनांक : 27/02/2026

प्रेषिती

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी पंकज मिश्रा ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मूजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आज तारीख 22 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सुश्री अंजली अग्रवाल
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सिवनीमालवा, जिला-नर्मदापुरम

नोट: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**सभी सुधि पाठकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं**

दैनिक जागरण परिवार
नर्मदापुरम












26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अंकित सराफ, कार्यपालन यंत्री, तवा परियोजना इटारसी


ज्ञानसागर इंटरनेशनल स्कूल एवं श्री गजानन शिक्षा समिति कॉलेज किवलारी की ओर से मां नर्मदा प्रकटोत्सव एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्थान सीमित
नवीन सत्र वर्ष 2026-27 के लिए स्कूल एवं कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
Summer Camp & Coming Soon this Year
डॉ. कविता पटेल
कॉलेज प्राचार्य
श्रीमति अंजली अभिलाषा सीजर
स्कूल प्राचार्य
बालक-बालिकाओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल सुविधा
Address: Narmadapuram& Pachmari Road Village&Kiwlari (Sohagpur)
Contact for School:
9109105660, 9109105680, 9109105673
Contact for Collage:
7225027104, 7225027111, 7225027101



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सोहागपुर वन मंडल की वन परिक्षेत्र कामती एवं बागरा बफर की ओर से
अधिक से अधिक पौधरोपण करें। वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करें।
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष खोबरागड़े, एसडीओ
विलास डोंगरे, रेंजर, बागरा बफर
राहुल उपाध्याय, रेंजर मढई
जोर सिंह, अध्यक्ष
ललित सूर्यवंशी, सचिव
ईको विकास समिति पाठई


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक साहू
प्रदेश अध्यक्ष
राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन
लोकसभा प्रभारी छिंदवाड़ा ओबीसी मोर्चा
निवेदक : भाजपा सदस्य, केसला, सुखतवा


G.B. AGRAWAL HOSPITAL
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Late. Dr. R.B. Agrawal
M.B.B.S., M.S., D.O.M.S.
M.A.G.S. (USA), F.C.I.P.
F.I.C.S. (USA)
Eye Specialist Surgeon
& Medical Officer
Opp. Mini Gandhi Stadium,
Near Rest House Itarsi



देश भक्ति राष्ट्र एवं जन सेवा के लिए सदैव समर्पित
सोहागपुर पुलिस द्वारा
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त स्टाफ
पुलिस थाना सोहागपुर
उषा मरावी
थाना प्रभारी
संजू चौहान
एसडीओपी


26 JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान है।
KSS
Kamthean Security Service
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Kamthean Security Service


26
गणतंत्र दिवस
के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पायल खाद भंडार
जिला सहकारी बैंक के पास,
मेन रोड़, बानापुरा
मो. 9826664018
प्रो.सुरेश यादव


26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय सहायक यंत्री
लोक स्वास्थ्य
यांत्रिकी विभाग
उपखंड सिवनी मालवा


26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक साहू
प्राचार्य
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
बी जमानी, सिवनी मालवा


26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ,
शासकीय नेहरू स्मृति
उमा विद्यालय बानापुरा
सिवनी मालवा


नगर पालिका परिषद, सिवनी मालवा
26 जनवरी 2026
77th
गणतंत्र दिवस समारोह
श्रीमति माया नारोलिया जी


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत खपरिया
जनपद पंचायत, सिवनी मालवा
सौरभ मालवीय, उपसरपंच
चन्द्रकान्त मालवीय, सचिव एवं
धीरेन्द्र यादव, सहा.सचिव
श्रीमती रीना मनोज तिवारी
सरपंच
मनोज तिवारी
सरपंच प्रतिनिधि


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ए.एस.राजपूत
प्राचार्य
गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के संकल्प
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
सीएम राइज विद्यालय, सिवनी मालवा


26
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ.रविकांत सिंह, उपसंचालक
किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, नर्मदापुरम


गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सीएमएचओ कार्यालय, नर्मदापुरम



गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग, नर्मदापुरम


Happy
Republic Day
Vardhmān
Fabrics Budhni


26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एवं
लॉजिस्टिक कार्पोरेशन, नर्मदापुरम


वृक्ष
लगाएं
पर्यावरण
बचाएं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वन मंडलाधिकारी सामान्य
वन परिक्षेत्र नर्मदापुरम


26
JANUARY
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बलिदानों का सपना जब सच हुआ,
देश तभी आजाद हुआ,
आज सलाम करे उन वीरों को,
जिनकी शहादत से ये भारत गणतंत्र हुआ।
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
नर्मदापुरम


देशभक्तों से ही देश का मान है
हम उस देश के फूल हैं यारों
जिस देश का नाम हिंदुस्तान है
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
लोक निर्माण विभाग
नर्मदापुरम म.प्र.


26
JANUARY
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बलिदानों का सपना जब सच हुआ,
देश तभी आजाद हुआ,
आज सलाम करे उन वीरों को,
जिनकी शहादत से ये भारत गणतंत्र हुआ।
उपसंचालक
सतपुड़ा टाईगर रिजर्व, नर्मदापुरम


26
January
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ
नर्मदापुरम


समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय पर्व
गणतंत्र दिवस की
वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनायें
अजय जैन 'टीटू'
जैन आभूषण भंडार
दीपेश दिगंबर
दिगंबर पुस्तक भंडार
नर्मदापुरम


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जिला आबकारी विभाग, नर्मदापुरम


TRIDENTGROUP®
Being different is normal
गणतंत्र दिवस का संदेश महान
स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भर भारत
का निर्माण।
Follow Us

# गणतंत्र दिवस पर विशेष

77th REPUBLIC DAY


समस्त देशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एडवोकेट भूपेश साहू, तवानगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
• ग्राम को स्वच्छ, क्लीन रखें।
• शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें।
श्रीमती मृदुलता पटेल, सरपंच
G.S. Patel एडव्होकेट विधायक प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत साकेत

गणतंत्रता दिवस 26 JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
जॉयस सॉलोमन प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
पीएम श्री एकीकृत शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय जमानी

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ डीजल शाखा इटारसी की ओर से समस्त डीजल शेड परिवार और इटारसी नगरवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
महाकालेश्वर कश्यप, अध्यक्ष WCRMS डीजल शाखा, इटारसी
राजेश यादव, सचिव WCRMS डीजल शाखा, इटारसी
यशवंत सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष WCRMS डीजल शाखा, इटारसी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन्य प्राणियों की सुरक्षा करें।
अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं।
वनों को आग से बचाएं।
बोरी अभ्यारण्य, केसला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती छनिया बाई, सरपंच
सुमेर सिंह, सचिव
समस्त पंच एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत केसला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सरपंच- अमरनाथ कलमे
उपसरपंच- नीलेश यादव
सचिव- कमल परते
रोजगार सहायक- विलेश बारस्कर
समस्त पंच एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत भरगदा

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कालाआखर(सुखतवा)

दी इटारसी ग्रेन एण्ड सीड्स मर्चेन्ट्स एसोसियेशन(रजि.)
तीसरी लाइन, इटारसी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल
सचिव प्रकाश खंडेलवाल
समस्त पदाधिकारी एवं व्यापारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभारी प्राचार्य - ओ.पी. चौरे एवं समस्त स्टाफ
शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जुझारपुर

आप सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केसला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पं. मूलचंद केसरीचंद सर्राफ
रजत ज्वेलर्स
सराफा बाजार, इटारसी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि विस्तार अधिकारी
कृषि विभाग केसला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनभागीदारी समिति
शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
परिक्षेत्र अधिकारी
वन विभाग कालाआखर, सुखतवा रेंज
वन्देमातरम

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मनोज विश्वास धाईं सोठिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पं. राजीव दीवान वरिष्ठ समाजसेवी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अधीक्षक, जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास सुखतवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
महिला बाल विकास अधिकारी केसला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉली रामफल भल्लावी, सरपंच
शुभम वर्मा, उप सरपंच
ओमकार सिंह राजपूत, सचिव
समस्त पंच एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत पथरोटा

शासकीय हाईस्कूल केसला
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
शासकीय हाईस्कूल केसला

गणतंत्र दिवस की समस्त जिलावासियों को हर्दिक बधाई शुभकामनाएं...
इंडियनऑयल IndianOil
मे. कान्हा किसान सेवा केंद्र, जमानी
डीलरः इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, जे.के. टायर्स, एक्साइड बैटरी, सुपर वन रोटावेटरर्स एवं कृषि यंत्र

समस्त देशवासियों को गणतंत्रता दिवस 26 JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
लायंस क्लब फ्रेण्ड्स इटारसी
अध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रवाल
सचिव कामेश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष अर्जुन मेघानी

गणतंत्र दिवस की समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वंदे मातरम्
ग्राम पंचायत मेहरागांव
जितू पटेल, सरपंच

26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं संदेश अग्रवाल को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई... अनन्त शुभकामनाएं...
बधाईकर्ता: विपिन चाण्डक, अर्जुन भोला, गुंजन अग्रवाल, रचिन अग्रवाल, रिषि अग्रवाल, आदित्य खंडेलवाल, अमन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं समस्त मित्रमण्डली
संदेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा इटारसी

समस्त देशवासियों को गणतंत्रता दिवस 26 JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश मालवीय सिविल कांट्रेक्टर, इटारसी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकासखण्ड एवं पशु चिकित्सालय कार्यालय केसला
डॉ. गरिमा शुक्ला एवं पशुपालन विभाग
ब्लाक केसला, जिला नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मै कली हूं तुम्हारे घर की, मुझे क्यों बढ़ने नही देते
चलता है तुम्हारा वंश मुझसे, मुझे क्यों पढ़ने नही देते
'बेटी पढ़ेगी, विकास गढ़ेगी'
परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना इटारसी

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
संस्था जनभागीदारी समिति एवं स्टाफ
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इटारसी
सनखेड़ा रोड, नहर/4 लेन बायपास रोड के पास, इटारसी
प्राचार्य मो. नं. 8964035180 E.mail ID-prinpoly.itahbd@mp.gov.in


समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
सुनीता साहनी, तहसीलदार इटारसी

वंदे मातरम्
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनभागीदारी समिति एवं प्राचार्य व समस्त स्टाफ
भगवान बिरसा मुण्डा शासकीय महाविद्यालय
सुखतवा जिला नर्मदापुरम

# गणतंत्र के तीन आधार

# शिक्षा, राजनीति और मीडिया

**देश के लिए संविधान बनने से अब तक भारत ने नित नए प्रगति के सोपान तय किए हैं। किन्तु हम संतोष की सांस ले सकें या गौरव के परचम लहरा सकें ऐसे क्षण अंगुलियों पर गिने जाने योग्य ही निर्मित हुए हैं यह भी एक उतना ही कठोर सच है। इन 64 वर्षों में जनता को नेता द्वारा इतना बेवकूफ बनाया गया है कि हर क्षेत्र में गणतंत्र एक मजाक बनकर रह गया है।**






### शिक्षा

शिक्षा का क्षेत्र इन 64 वर्षों में व्यापार बन गया। नालंदा-तक्षशिला जैसे प्राचीन नाम तो हमने अपना लिए लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर पर हम कोई अहम सुधार नहीं ला सके। शिक्षक आज के दौर में एक ऐसा व्यक्ति बन गया जिसकी 'सीख' में शक होने लगा। वहीं पेरेन्ट्स 'रेन्ट' 'पे' कर के मुक्त हो गए। जबकि विद्यार्थियों ने विद्या की अर्थी बहुत पहले निकाल दी।

निःसन्देह हमने विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भारतीय मानस की रचनात्मकता को वैश्विक स्तर पर सराहा गया है। लेकिन यह कसैला सच भी इसी देश का है कि यहां साक्षरता अभियान धीमी गति से सरक रहे हैं। साक्षरता की सफलता इतनी नन्हीं बूंदों के रूप में मिली है कि आज भी विशाल भारतीय जनसागर के कंठ शिक्षा की दृष्टि से सूखे हैं। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से जहां प्रयास किए जा रहे हैं उन्हें कतई नकारा नहीं जा सकता। क्योंकि उन्हीं के कारण साक्षरता का आंकड़ा खिसक भी रहा है। जबकि सरकारी प्रयासों में (उद्देश्यों की शुभता होते हुए भी) क्रियान्वयन की लचरता सारे अभियान को प्रभावित कर रही है। यही वजह है कि साक्षरता अभियान का शुभ कारवां वांछित गति से नहीं बढ़ पा रहा है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यावसायीकरण और परिवर्तन की बयार के चलते भारतीय युवा अटकाव और भटकाव के शिकार हो रहे हैं। 64वां गणतंत्र एक पड़ाव हो सकता है जब हम शिक्षा पद्धति में आमूलचूल परिवर्तन की पहल जगा सकें।

### राजनीति

64 वर्षों में राजनीति सिर्फ एक गाली बनकर रह गई है तो यह दोष सिर्फ राजनीति का नहीं, बल्कि उस 'जन' का भी है जिसके दम पर तंत्र कायम होता है। हमारे चुनाव का सच यह है कि संसद में भेजे जाने वाले प्रतिनिधि वास्तव में प्रतिनिधि होते ही नहीं है। चुनावों के दौरान किसी भी शहर की आधी बुद्धिजीवी जनता मतदान के लिए जाती ही नहीं है। जो आधी जनता मतदान करती है उनमें से भी कछ प्रतिश बाहुबल, धनबल और जातिबल के आधार पर उम्मीदवार का चयन करती है। इसी में एक हिस्सा उस जनता का भी होता है जो मतदान का मतलब व तरीका भी नहीं जानती। ऐसे में संसद तक पहुंचे उस व्यक्ति को प्रतिनिधि कैसे मान लें और किसका प्रतिनिधि मान लें। वह जनता जिसने उसका चुनाव किया है क्या वह वास्तव में जनता कहलाने के योग्य है? और अगर नहीं तो उस सारी जनता को बिजली, सड़क, पानी और सुविधाओं के लिए सड़कों पर उतरने का कोई हक नहीं। उसे नेताओं को कोसने का भी कोई हक नहीं। एक पक्ष यह भी है कि जनता के सामने चुनाव में खड़े उम्मीदवारों में अगर हर कोई चोर-चोर-मौसेरे भाई है तो वह किसका चयन करें? क्यों उसके सामने 'नन ऑफ देम' का ऑप्शन नहीं होता? अगर नन ऑफ देम यानी 'इनमें से कोई नहीं' का ऑप्शन होगा तो सहज ही जनता द्वारा नकारे नेता एक तरफ होंगे। और सही एवं ईमानदार छवि वाले युवा आगे आ सकेंगे। 64 सालों के मुकाम पर आकर इस पर सोचना हमें ही है। क्योंकि यह जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन है। और नेता कौन है? वह भी तो हम जनता के बीच से उठा प्राणी ही है। फिर भला अपने ही बीच के अच्छे तथा बुरे का अंतर क्यों नहीं समझ पा रहे? हादसों के बाद नेताओं को गालियां देना सहज प्रतिक्रिया हो सकती है। लेकिन कब तक? कब तक हम अपनी गलतियों (मतदान) का ठीकरा उन पर फोड़ते रहेंगे? 64 वर्ष के परिपक्व गणतंत्र में जनता को इतना तो जागरूक व चैतन्य होना ही होगा हम अपने ही संविधान की लाज बचा सकें।

### मीडिया

गणतंत्र में देश का मीडिया जितना सशक्त होना चाहिए उतना वह नहीं हो सका। सशक्तता का अर्थ यह कदापि नहीं है जब चाहे किसी को फलक पर सजा दें और जब चाहे किसी को खाक में मिला दें। किसी भी देश के मीडिया में 'न्यूक्लियर पावर' से ज्यादा शक्ति है। परमाणु ताकत किसी भी देश को नष्ट कर सकती है। मगर उस देश पर राज करने के लिए वहां की बौद्धिक शक्ति पर नियंत्रण होना आवश्यक है। विनाश लीला रचना बेहद सरल है लेकिन बहुत मुश्किल है पूरे देश की जनता के दिलों पर राज करना। मीडिया पर नियंत्रण से यह बखूबी संभव है। मीडिया अगर अपनी ताकत को पहचानता और समझदारी का गुण दिखाता तो शायद यूं आरोपों के कटघरे में खड़ा नजर नहीं आता।

भारत का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अभी शैशवावस्था में है। इस अवस्था में कई गुनाह माफ होते हैं। लेकिन यहां हमारे बाल-मीडिया को इस बात की शाबाशी तो देनी होगी कि चाहे येन-केन- प्रकारेण (हास्य, सनसनी, अंधविश्वास) उसने अपना वर्चस्व बढ़ाया हो लेकिन यह श्रेय तो उसी के हिस्से में जाएगा कि उसने समाचारों को कुछ बुद्धिजीवियों के चंगुल से छुड़ाकर जन-जन में लोकप्रिय बना दिया। आज बरसों से समाचारों से वंचित वर्ग न्यूज चैनलों को चाव से देख रहे हैं। देश के मसलों पर कच्ची-पक्की चर्चा भी कर रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। सोचा इस बात पर जाना चाहिए कि क्या जो मीडिया परोस रहा है वह सही और संतुलित है? क्या दिखाया जाना चाहिए और क्या देखना चाहते हैं के बीच का सही संतुलन ही मीडिया का ध्येय होना चाहिए। जब तक इस संतुलन को राष्ट्रहित में कुशलता से साध नहीं लिया जाता तब तक मीडिया के बचकानेपन पर प्रश्नचिन्ह लगते रहेंगे।

इन 64 सालों की अतुलनीय उपलब्धि इंटरनेट को कहा जाएगा। जिसने प्रिंट की प्रामाणिकता और इलेक्ट्रॉनिक की गति दोनों पर विजय हासिल कर पाठकीय क्षुधा को दक्षतापूर्वक शांत किया है। यही वजह है कि ब्लॉग, पोर्टल्स एवं वेबसाइट्स के नित नए स्वरूप अस्तित्व में आ रहे हैं। यहां तक कि अखबारों के भी इंटरनेट संस्करण तेजी से बढ़ रहे हैं। पाठकों का एक आश्चर्यजनक वर्ग अखबारों और चैनलों को छोड़कर इससे जुड़ा है।

हर्ष का विषय है कि युवा और महिला देश के इन दो अहम वर्गों ने इस पर अपनी दमदार प्रतिभागिता दर्ज की है। शिक्षा, राजनीति तथा मीडिया भारत के आधारस्तंभ हैं। इन्हें अपने दायित्वों का विश्लेषण करना होगा। देश को सही दिशा में ले जाने की जिम्मेदारी इन्हीं के माध्यम से पूरी की जा सकती है।सच्चे गणतंत्र की राह में यह एक शुभ प्रयास होगा।

# आखिर 26 जनवरी को ही क्यों लागू हुआ संविधान

**भारत के आजाद हो जाने के बाद संविधान सभा की घोषणा हुई और इसने अपना कार्य 9 दिसम्बर 1947 से आरम्भ कर दिया। संविधान सभा ने 2 साल, 11 महीने, 18 दिन में भारतीय संविधान का निर्माण किया और संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान सुपुर्द किया, इसलिए 26 नवम्बर दिवस को भारत में संविधान दिवस के रूप में हर साल मनाया जाता है।**

हर साल 26 जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता हैं क्योंकि इसी दिन साल 1950 में हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। गणतंत्र दिवस के खास मौके पर राजपथ पर सेना की टुकड़ियाँ परेड करती हैं। लेकिन क्या आप जानते है कि आखिर 26 जनवरी को ही क्यों संविधान लागू किया गया। जी हाँ, इससे जुड़ा एक इतिहास है।

1929 में लाहौर में पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ, जिसमें प्रस्ताव पारित कर इस बात की घोषणा की गई कि अगर अंग्रेज सरकार 26 जनवरी 1930 तक भारत को डोमीनियन का पद नहीं प्रदान करेगी, जिसके तहत भारत ब्रिटिश साम्राज्य में ही स्वशासित एकाई बन जाता, तो भारत अपने को पूर्णतः स्वतंत्र घोषित कर देगा।




भारत के आजाद हो जाने के बाद संविधान सभा की घोषणा हुई और इसने अपना कार्य 9 दिसम्बर 1947 से आरम्भ कर दिया। संविधान सभा ने 2 साल, 11 महीने, 18 दिन में भारतीय संविधान का निर्माण किया और संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान सुपुर्द किया, इसलिए 26 नवम्बर दिवस को भारत में संविधान दिवस के रूप में हर साल मनाया जाता है।

कई सुधार और बदलाव के बाद सभा के 308 सदस्यों ने 24 जनवरी1950 को संविधान की दो हस्तलिखित कॉपियों पर हस्ताक्षर किए। इसके दो दिन बाद संविधान 26 जनवरी को यह देश भर में लागू हो गया। 26 जनवरी का महत्व बनाए रखने के लिए इसी दिन संविधान निर्मात्री सभा (कांस्टीट्यूएंट असेंबली) द्वारा स्वीकृत संविधान में भारत के गणतंत्र स्वरूप को मान्यता प्रदान की गई।

## 26 जनवरी : गणतंत्र दिवस पर जानिए संविधान की 7 खास बातें

संविधान सभा की प्रथम बैठक सोमवार 9 दिसंबर 1946 को प्रातः 11 बजे शुरू हुई। इसमें 210 सदस्य उपस्थित थे। 11 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की बैठक में डॉ. राजेंद्र प्रसाद को स्थायी अध्यक्ष चुना गया, जो अंत तक इस पद पर बने रहे।

13 दिसंबर 1946 को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान का उद्देश्य प्रस्ताव सभा में प्रस्तुत किया, जो 22 जनवरी 1947 को पारित किया गया। इसकी मुख्य बातें इस प्रकार हैं-

1. भारत एक पूर्ण संप्रभुता संपन्न गणराज्य होगा, जो स्वयं अपना संविधान बनाएगा।
2. भारत संघ में ऐसे सभी क्षेत्र शामिल होंगे, जो इस समय ब्रिटिश भारत में हैं या देशी रियासतों में हैं या इन दोनों से बाहर, ऐसे क्षेत्र हैं, जो प्रभुता संपन्न भारत संघ में शामिल होना चाहते हैं।
3. भारतीय संघ तथा उसकी इकाइयों में समस्त राजशक्ति का मूल स्रोत स्वयं जनता होगी।
4. भारत के नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, पद, अवसर और कानूनों की समानता, विचार, भाषण, विश्वास, व्यवसाय, संघ निर्माण और कार्य की स्वतंत्रता, कानून तथा सार्वजनिक नैतिकता के अधीन प्राप्त होगी।



# संविधान सभा में थीं पंद्रह महिलाएं

**9 दिसंबर,** 1946 की सुबह 10.45 बजे नई दिल्ली में रफी मार्ग स्थित कॉन्स्टीट्यूशनल हॉल पूरे देश की कद्दावर राजनीतिक हस्तियों से भरा था। सच्चिदानंद सिन्हा अध्यक्षीय कुर्सी पर बैठे थे और संविधान सभा की पहली बैठक का उद्घाटन हुआ था। उस दिन 192 पुरुषों और 15 महिलाओं ने संविधान सभा के सदस्य के रूप में हस्ताक्षर किए थे। कुल 15 महिलाओं में से 13 उच्च वर्ण, वर्ग की शिक्षित महिलाएं थीं और इनके अलावा अकेली मुस्लिम बेगम एजाज रसूल व अकेली दलित 34 वर्षीय दक्षयानी वेलायुधन थीं। केरल की दक्षयानी युवतर सदस्यों में एक थीं। वह स्कूल और कॉलेज जाने वाली अपने समुदाय की पहली महिला थीं। भारत की पहली दलित महिला स्नातक थीं। संविधान सभा में छुआछूत खत्म करने के लिए उन्होंने प्रभावी हस्तक्षेप किया था। एक शोध के अनुसार, मद्रास से आई जी दुर्गाबाई, संयुक्त प्रांत से आई बेगम एजाज रसूल और पश्चिम बंगाल से आई रेणुका रे ही संविधान सभा में सर्वाधिक बोलती थीं। इतनी महिलाओं की मौजूदगी के बावजूद संविधान सभा में चुनाव में महिलाओं को आरक्षण देने का सर्वसम्मति से विरोध किया गया था। बॉम्बे से आई हंसा मेहता ने कहा था, हमने कभी विशेषाधिकार नहीं मांगा है, हम केवल सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय मांगते हैं। रे, मेहता, राजकुमारी अमृत कौर सहित ज्यादातर महिलाएं समान नागरिक संहिता के पक्ष में थीं, जो पारित नहीं हुआ। बाद में दुर्गाबाई सांसद रहीं। सुचेता कृपलानी पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। सरोजनी नायडू पहली महिला राज्यपाल बनीं। अमृत कौर ने एम्स की स्थापना की। विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र की आम सभा की अध्यक्ष चुनी गईं।

# भारतीय संविधान और गणतंत्र के 10 रोचक जानकारी

लंबे समय के अलोकतांत्रिक विदेशी शासन को झेलने वाला और कई खंडों में बंटा हुआ भारत अंततः 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश शासन से आजाद हुआ और 26 जनवरी 1950 को संप्रभु गणतंत्र बना। गणतंत्र बनने के साथ ही भारत के अपने नियमों की वह संहिता (संविधान) भी लागू हो गई जिसके आधार पर आगे भारत की शासन-व्यवस्था चलनी थी। हमारा संविधान नियमों और सिद्धांतों का वह समुच्चय है जिसके आधार पर आधुनिक भारत की राजनैतिक और सामाजिक व्यवस्था चल रही है। आइए जानते हैं भारतीय संविधान और गणतंत्र से जुड़ी 10 कम चर्चित रोचक बातों के बारे में- 26 जनवरी को शुरू होने वाला गणतंत्र दिवस समारोह 4 दिनों तक चलता है जिसका समापन 29 जनवरी की शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह के साथ होता है।

- 26 जनवरी को शुरू होने वाला गणतंत्र दिवस समारोह 4 दिनों तक चलता है जिसका समापन 29 जनवरी की शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह के साथ होता है।
- प्रथम गणतंत्र दिवस समारोह (1950) के प्रथम मुख्य अतिथि थे इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकार्नो।
- भारतीय संविधान की मूल अंग्रेजी और हिंदी प्रतियां संसद की लाइब्रेरी में एक हीलियम भरे बक्से में सुरक्षित हैं।
- मूल संविधान इंगलिश में तैयार कर उसका हिंदी में अनुवाद किया गया था।
- हाथ से लिखे मूल अंग्रेजी संविधान में कुल 232 पन्ने और 1,17,369 शब्द हैं।
- संविधान तैयार होने के बाद इसे सजावटी अक्षरों में हाथ से लिखने का काम प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने किया।
- संविधान के हर पन्ने को सुंदर चित्रकारी से सजाने का काम शांतिनिकेतन के नंदलाल बोस तथा अन्य बड़े कलाकारों ने किया।
- भारतीय संविधान में प्रथम संशोधन की जरूरत इसके लागू होने के एक साल बाद 1950 में ही पड़ गई थी। तब से अब तक, यानी जनवरी 2019 तक भारतीय संविधान में 103 संशोधन किए जा चुके हैं।
- भारतीय गणतंत्र का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' मुंडक उपनिषद से लिया गया है। इसे मदन मोहन मालवीय के आग्रह पर चुना गया था।
- 70वें गणतंत्र दिवस 2019 में पहली बार नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिंद फौज के पूर्व सैनिकों को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का अवसर मिला। इंडियन नेशनल आर्मी के इन चार पूर्व सैनिकों की उम्र 90 साल से अधिक थी।

## विश्व इतिहास में महत्वूपर्ण है 26 जनवरी

**1666**- फ्रांस ने इंग्लैड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
**1845**- ब्रिटिश जनरल चार्ल्स गार्डन सूडान में मारे गए।
**1931**- हंगरी और ऑस्ट्रिया ने 'शांति संधि' पर हस्ताक्षर किए।
**1934**- जर्मनी और पौलैंड के बीच दस वर्षीय अनाक्रमण संधि हुई।
**1981**- वायुदूत हवाई सेवा की शुरुआत हुई।
**1990**- रोमानिया के उपराष्ट्रपति डी. माजिलू ने इस्तीफा दिया।
**1999**- महिलाओं के यौन शोषण पर विश्व सम्मेलन का ढाका (बंगलादेश) में आयोजन।
**2000**- कोंकण रेलवे परियोजना पूर्ण हुई और प्रथम यात्री गाड़ी चलाई गयी।
**2004**- ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने माइक्रोसॉफ्ट अध्यक्ष बिल गेट्स को 'नाइट' की उपाधि प्रदान करने की घोषणा की।
**2006**- फिलीस्तीन में हुए चुनावों में हमास ने ज्यादातर सीटों पर कब्जा किया।



**गणतंत्र दिवस समारोहों के 71 वर्षों के सफर में ऐसी अनेक घटनाएं हुईं हैं जो सुनहरी यादें बनकर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गईं।**

# लालकिले पर नहीं हुई थी पहली परेड

**आप शायद नहीं जानते होंगें कि 26 जनवरी 1950 को पहला गणतंत्र दिवस राजपथ पर नहीं बल्कि इर्विन स्टेडियम यानी मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में मनाया गया था। तब इसकी चारदीवारी नहीं बनी थी और पृष्ठभूमि में पुराना किला नजर आता था। यही नहीं पहला गणतंत्र दिवस समारोह सवेरे नहीं बल्कि दोपहर को मनाया गया था।**

### पहली बार दी गई थी 31 तोपों की सलामी

**पहली बार दी गई थी 31 तोपों की सलामी देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रपति भवन से छह घोड़ों वाली बग्गी में बैठकर दोपहर ढाई बजे समारोह स्थल के लिए रवाना हुए। कनॉट प्लेस के आस-पास से होती हुए उनकी सवारी पौने चार बजे सलामी मंच तक पहुंची थी। यहां उन्हें 31 तोपों से सलामी दी गई और यह परंपरा 70 के दशक तक चली। बाद में 21 तोपों की सलामी देने की परंपरा रखी गई और यह अभी तक जारी है।**

### 21 तोपों की सलामी

**21 तोपों की सलामी वास्तव में भारतीय सेना की 7 तोपों द्वारा दी जाती है, जिन्हें पौन्डर्स कहा जाता है। प्रत्येक तोप से तीन राउंड फायरिंग होती है। ये तोपें 1941 में बनी थीं और सेना के सभी औपचारिक कार्यक्रमों में इन्हें शामिल करने की परंपरा है।**

### 1951 से शुरू हुई सुबह के समय परेड

**1951 से शुरू हुई सुबह के समय परेड 1951 से किंग्सवे यानी राजपथ पर समारोह होने लगे, ताकि अधिक संख्या में लोग समारोह देख सकें। पुराने दस्तावेजों के मुताबिक उस वर्ष सुबह के वक्त परेड हुई तथा अदम्य साहस के लिए सेना के चार रणबांकुरों को सर्वोच्च अलंकरण परमवीर चक्र से नवाजा गया।**

### 1952 में शुरु हुई थी बीटिंग रिट्रीट

**1952 में शुरु हुई थी बीटिंग रिट्रीट वर्ष 1952 से बीटिंग रिट्रीट की परंपरा भी शुरू हुई। जिसमें पहला समारोह रीगल सिनेमाघर के सामने मैदान में तथा दूसरा लालकिले में संपन्न हुआ। सेना ने पहली बार महात्मा गांधी के पसंदीदा गीत 'अबाइड विद द मी% प्रस्तुत किया और तब से आज तक यह धुन हर बार बजाई जाती है।**

### 5 किमी की रफ्तार से चलती है झांकियां

**5 किमी की रफ्तार से चलती है झांकियां परेड में शामिल सभी झांकियां 5 किमी प्रति घंटा की नीयत रफ्तार से चलती हैं। ताकि उनके बीच उचित दूरी बनी रहे और लोग आसानी से उन्हें देख सकें। इन झांकियों के चालक एक छोटी से खिड़की से ही आगे का रास्ता देखते हैं, क्योंकि सामने का लगभग पूरा शीशा सजावट से ढका रहता है।**

### पाकिस्तान के गर्वनर बन चुके है मुख्य अतिथि

**पाकिस्तान के गर्वनर बन चुके है मुख्य अतिथि गणतंत्र दिवस समारोह में हर साल किसी न किसी देश के प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति या शासक को विशेष अतिथि के तौर पर सरकार द्वारा आमंत्रित किया जाता है। 26 जनवरी 1950 को पहले गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति डॉ. सुकर्णो विशेष अतिथि बने थे। इसके अलावा 1955 में राजपथ पर आयोजित पहले गणतंत्र दिवस समारोह में पाकिस्तान के गवर्नर जनरल मलिक गुलाम मोहम्मद विशेष अतिथि बने थे।**

### गहनता से होती है सुरक्षाकर्मियों की जांच

**परेड में शामिल होने वाले प्रत्येक जवान को चार स्तर की सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ता है। उनके हथियारों की भी कई चरणों में गहन जांच होती है। जांच का मुख्य उद्देश्य ये सुनिश्चित करना होता है कि किसी जवान के हथियार में कोई जिंदा कारतूस न हो। इससे बहुत बड़ी अनहोनी हो सकती है।**

### दिग्गज कलाकारों ने लिया था हिस्सा

**1963 के गणतंत्र दिवस समारोह में दिलीप कुमार, तलत महमूद और लता मंगेशकर ने विशेष कार्यक्रम पेशकर प्रधानमंत्री कोष के लिए धन एकत्र किया।**

### भूकंप की वजह से रद्द करनी पड़ गई थी बीटिंग

**भूकंप की वजह से रद्द करनी पड़ गई थी बीटिंग रिट्रीट 26 जनवरी 2001 को गुजरात व देश के अन्य हिस्सों में भूकंप के कारण भयानक रूप से हुई जान-माल की हानि के कारण बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। 13 जनवरी 2001 को संसद पर हमले के बाद 'ऑपरेशन पराक्रम' के कारण परेड में सेना की भागीदारी कम कर दी गई।**

# भारत की प्रमुख संविधान निर्माता

**बी. आर. आंबेडकर :** कानून, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विद्वान बी. आर. आंबेडकर ने भारतीय राजनीति में आने से पहले कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। उन्हें अक्सर भारतीय संविधान का पिता कहा जाता है। वह संविधान मसौदा समिति के प्रमुख थे और भारत के पहले कानून मंत्री भी थे।

**अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर :** मद्रास में जन्मे कृष्णस्वामी अय्यर को संविधान के मुख्य अनुच्छेदों का श्रेय दिया जाता है। वह एक पुजारी के बेटे थे। इतिहास और कानून के गहरे जानकार थे। वह संविधान मसौदा समिति सहित नौ समितियों के सदस्य थे। इनका काम देखकर आंबेडकर ने कहा था, 'मसौदा समिति में मुझसे बड़े, बेहतर और ज्यादा सक्षम मेरे दोस्त सर अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर थे।'

**के एम मुंशी :** वकील, शिक्षाविद और लेखक मुंशी का जन्म गुजरात में हुआ था। राजनीति में आने से पहले प्रारंभिक वर्ष उन्होंने वकील के रूप में बिताए। वह संविधान सभा में सर्वाधिक 11 समितियों के सदस्य थे। भारतीय विद्या भवन के संस्थापक मुंशी गुजराती, अंग्रेजी और हिंदी में समान रूप से प्रसिद्ध थे। स्वतंत्रता के बाद कृषि मंत्री और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल भी वह बनाए गए।

**जयपाल सिंह :** राजनेता, लेखक, खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा का जन्म रांची के पास हुआ था। वह 1928 में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। संविधान सभा में तीन समितियों का हिस्सा रहे मुंडा ने कहा था, सरकार को हाशिए के समुदाय के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वह संविधान सभा में आदिवासियों के मुखर पैरोकारों में एक थे।

**जवाहरलाल नेहरू :** भारत के पहले प्रधानमंत्री और स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े नेताओं में से एक पंडित जवाहरलाल नेहरू वकील थे। संविधान सभा में उनका प्रभाव बहुत था। वह संविधान सभा में तीन महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्ष थे। 17 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अपनी शिक्षा नीति को दिशा देते हुए देश की अर्थव्यवस्था और विदेश नीति को आगे बढ़ाया।

**बेगम एजाज रसूल :** संविधान सभा की एकमात्र मुस्लिम महिला सदस्य रसूल का जन्म लाहौर में हुआ था। संविधान सभा की प्रभावशाली सदस्य रसूल ने कहा था, 'एक महिला के रूप में मुझे इस तथ्य पर बहुत संतोष है कि लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा।. मुझे यकीन है, महिलाएं नए संविधान के तहत अवसर की समानता के लिए तत्पर हो सकेंगी।'

**वल्लभभाई पटेल :** भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का जन्म गुजरात में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने से पहले वह अहमदाबाद में वकालत करते थे। गांधी के भरोसेमंद साथी और भारत छोड़ो आंदोलन के सबसे मुखर समर्थक थे। संविधान सभा में पटेल दो समितियों के अध्यक्ष थे और दो अन्य में सदस्य। 565 रियासतों को एकजुट करने का श्रेय उन्हें ही दिया जाता है।

**काजी सैयद करीमुद्दीन :** महाराष्ट्र में जन्मे करीमुद्दीन ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पढ़ाई की और मशहूर फौजदारी वकील बन गए। व्यक्तियों को अतार्किक जब्ती से बचाने की कोशिश के लिए उन्हें याद किया जाता है। उनके कारण ही संविधान सभा में व्यक्ति की निजता के अधिकार को स्पष्ट किया गया था, हालांकि उस समय इसे संविधान में स्पष्ट स्थान नहीं मिल पाया था।

**राजेंद्र प्रसाद :** बिहार के सिवान जिले में जन्मे प्रखर गांधीवादी राजेंद्र प्रसाद पेशे से वकील थे। इनकी स्मरण शक्ति बहुत तेज थी। संविधान का मसौदा तैयार करने-करवाने में इनका बड़ा योगदान है। संविधान सभा में अध्यक्ष के अलावा वह चार महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्ष भी थे। संविधान सभा का नेतृत्व करने के बाद वह देश के पहले राष्ट्रपति बने।

**के टी शाह :** एक प्रमुख वकील और अर्थशास्त्री शाह संविधान सभा में दो समितियों और दो उप-समितियों के सदस्य थे। उन्होंने दो बार कोशिश की थी कि संविधान में 'सेकुलर' शब्द शामिल कर लिया जाए, लेकिन वह नाकाम रहे थे।

समस्त देशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिलीप गोस्वामी पार्षद वार्ड क्र.1 नगर पालिका परिषद इटारसी

बेटी बचाएं बेटी पढ़ाएं
सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती आशा मौर्य
विकासखंड शिक्षा अधिकारी केसला

रजि. नं. 15506
सौरभ क्लीनिक
बिना ऑपरेशन बिना चीरफाड़ बिना धागा गारंटी से ईलाज
बवासीर अण्डकोष गुप्तरोग अन्य स्त्री रोग
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
समय : सुबह 10 बजे से दोप. 01 बजे तक
शाम : 05 बजे से रात्रि 09 बजे तक
पता: आजाद चौराहा के पास, नागपुर रोड, पुरानी इटारसी
मोबा. 7415549577, 9179220643
डॉ. विकास विश्वास

26 JAN
भारत माँ की शान को, वीरों के बलिदान को पुण्य संविधान को कोटि-कोटि प्रणाम
गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गजानंद तिवारी (गज्जू)
प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक साहू पार्षद प्रतिनिधि
श्रीमती मीना सुरेश साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 17

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनभागीदारी समिति एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ

हयात हेल्थ केयर सेंटर
आवाम नगर इटारसी
M.S.K. Poly Clinic
HAYAT HEALTH CARE
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
डॉ. समीर खान डॉ. सुहेल खान

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जितेन्द्र परते सरपंच
संदीप चौधरी उप सरपंच
रघुवीर मिश्रा सचिव
इन्द्रेश राजौरिया सहायक सचिव
समस्त पंच एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत घाटली

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय बालक छात्रावास
लक्ष्मण धुर्वे
अधीक्षक
विकासखण्ड-केसला, जिला-होशंगाबाद

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन विभाग
परिक्षेत्र अधिकारी
बोरी अभ्यारण्य कार्यालय खेड़ा

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की समस्त शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती गीतांजली चौधरी पार्षद वार्ड क्र.07
मनीष चौधरी कांग्रेस नेता

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती वंदना सगोरिया जनपद सदस्य
श्रीमती सुषमा मलैया सरपंच
सीताशरण शर्मा उप सरपंच
मनीष मलैया सरपंच प्रतिनिधि
वार्ड पंच सदस्य : अनिता भगोरिया, राकेश बड़कुर, रजनी मेहरा, शर्मिला कोरकू, अनिता पटेल, ऋचा चौधरी, विजय चौरे, नीतेश कुमार चौरे, दीपा मालवीय, अर्चना पटेल, भागीरथ चौरे, लक्ष्मी पटेल, शोभा पटेल, रंजना बरखने, वैजयंती दामरे, राजकुमार बरखने, दिनेश सागोरिया, ममता कटारे, इतिका सोनिया,
ग्राम पंचायत सोनासावरी

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
शासकीय रेल पुलिस इटारसी

समस्त देशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सरोज परते सरपंच
भूपेन्द्र पटेल सचिव
रविकांत महालहा जनपद सदस्य
ग्राम पंचायत जुझारपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कैरिज वैगन रिपेयर विभाग

प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
यह राष्ट्रीय पर्व हम सभी को अपने महान स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के पुनीत संघर्षों को स्मरण करने एवं संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने का अवसर प्रदान करता है।
जय हिंद!
हेमंत चौकसे (शहरी वृत्त) आबकारी अधिकारी इटारसी
के.के. पडरिया (ग्रामीण वृत्त) आबकारी अधिकारी इटारसी
आबकारी विभाग इटारसी

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
सौः- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नर्मदापुरम

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
रेलवे एक्ट नियमों का पालन करें।
बिना टिकट यात्रा न करें।
ट्रेन में यात्रा के दौरान सजग रहें।
रेल सुरक्षा बल

समस्त देशवासियों को गणतंत्रता दिवस 26 JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
माया बाई धुर्वे ग्राम सरपंच
कामता प्रसाद यादव सचिव
ग्राम पंचायत गौंची तरोंदा

इनरव्हील और रोटरी क्लब ऑफ इटारसी
समाज सेवा सर्वोपरि
श्रीमती सविता आर. साहू
अध्यक्ष : इनरव्हील क्लब ऑफ इटारसी
प्रदेश महिला उपाध्यक्ष : म.प्र. तैलिक साहू सभा भोपाल
संस्थापक सदस्य : कर्मा शक्ति संगम इटारसी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश के. साहू एडवोकेट
राष्ट्रीय कार्यवाहक : अध्यक्ष अ.भा. तैलिक साहू महासभा नईदिल्ली
मुख्य सलाहकार : म.प्र. तैलिक साहू सभा भोपाल
सचिव संगठन : प्रदेश कांग्रेस लीगल सेल भोपाल
श्रीमती लक्ष्मीबाई कोदूलाल साहू चूनावाला चैरिटेबल ट्रस्ट, इटारसी
इनरव्हील और रोटरी क्लब ऑफ इटारसी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन्दे मातरम्
अर्पित जैन, ठेकेदार

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
योगेन्द्र सिंह राजपूत
रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य


26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
• वन हमारी अमूल्य धरोहर है, इन्हें आग से बचाएं।
• अधिक से अधिक पौधरोपण करें।
• अवैध कटाई की सूचना विभाग को दें।
वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन मण्डल नर्मदापुरम (सामान्य)

दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पं. आर.के. त्यागी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
रजनीकांत सोनकर पूर्व पार्षद, नपा इटारसी
श्रीमती अनिता सोनकर पूर्व पार्षद, नपा इटारसी

दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य पाण्डे उपयंत्री नगर पालिका इटारसी






















## कार्यालय नगरपालिका परिषद, इटारसी

### 26 जनवरी 2026, गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर नगर के विकास में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर इटारसी को सुंदर, स्वच्छ और विकसित नगर बनाएं।

### नागरिकों से जनहित में विनम्र अपील

- » शहर में पॉलीथिन प्रतिबंधित है, कृपया पॉलीथिन का इस्तेमाल न करें।
- » घर का कचरा बाहर न फेंके। कचरा एकत्रित कर कचरा, नगरपालिका के कचरा वाहन में ही डालें।
- » भवन कर, जलकर एवं अन्य करों का भुगतान समय पर कर शहर विकास में अपना योगदान दीजिये। न.पा. के सभी करों का ऑनलाइन भुगतान करें।
- » नलों में टोंटी लगावें, जल को व्यर्थ न बहने दें।
- » पर्यावरण संतुलन हेतु वृक्षों को न काटें और न ही काटने दें एवं वृक्षारोपण करें।
- » विवाह तथा जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन अवश्य ही करावें।
- » निर्माण कार्य स्वीकृत नक्शे के अनुसार ही करें।
- » घरों में वर्षा जल संचयन किया जाए। वॉटर हार्वेस्टिंग अपनाएं।

**श्री पंकज चौरे**
अध्यक्ष

**श्रीमति रितु मेहरा**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी

**उपाध्यक्ष, समस्त सभापति एवं पार्षदगण**
समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण,
**नगर पालिका परिषद, इटारसी जिला- नर्मदापुरम (म.प्र.)**

























JANUARY
Happy Republic Day
समस्त प्रदेशवासियों को
26TH JANUARY
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमंत खंडेलवाल
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, बैतूल विधायक
दे सलामी इस तिरंगे को, जिससे तेरी शान है,
सर हमेशा ऊंचा रखना इसका, जब तक तुझ में जान है.


समस्त जिलेवासियों को
26TH JANUARY
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमंत खंडेलवाल
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, बैतूल विधायक
डॉ. योगेश पंडाग्रे
विधायक, आमला-सारनी


SATPUDA GURUKULAM
A PREMIUM INSTITUTE FOR
IIT -JEE (MAIN/ADVANCED),
NEET & OLYMPIAD
XI & XII
Foundation
VIII, IX & X
ADMISSION OPEN
Session 2026-27
Contact No.
7869434385
8827211234
9504748054
DAGA GROUP INITIATIVE
Branch 1 1st Floor, Nirvi Complex, Kamani Gate, Kothi-Bazaar, Betul
Branch 2 Satpuda Valley Public School, Itarsi Road Sonaghati, Betul


महेन्द्र सिंह चौहान
विधायक, भैंसदेही
26
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमंत वागद्रे
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस, बैतूल


26
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रोप्रा. राजेश गावंडे
राज कंस्ट्रक्शन, बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स



आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत शिवहरे, पूर्व नगर अध्यक्ष
हैहय क्षत्रिय कलचुरी समाज, बैतूल


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आरएसके कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रायवेट लिमिटेड, बैतूल
राजा ठाकुर
संस्थापक, आरएसके कंपनी, बैतूल
अरूणसिंह किलेदार
संचालक, आरएसके कंपनी, बैतूल
राजेन्द्र सिंह किलेदार
संचालक, आरएसके कंपनी, बैतूल
प्रदीप सिंह किलेदार
संचालक, आरएसके कंपनी, बैतूल

# गणतंत्र के तीन आधार

# शिक्षा, राजनीति और मीडिया

**देश के लिए संविधान बनने से अब तक भारत ने नित नए प्रगति के सोपान तय किए हैं। किन्तु हम संतोष की सांस ले सकें या गौरव के परचम लहरा सकें ऐसे क्षण अंगुलियों पर गिने जाने योग्य ही निर्मित हुए हैं यह भी एक उतना ही कठोर सच है। इन 64 वर्षों में जनता को नेता द्वारा इतना बेवकूफ बनाया गया है कि हर क्षेत्र में गणतंत्र एक मजाक बनकर रह गया है।**






## शिक्षा

शिक्षा का क्षेत्र इन 64 वर्षों में व्यापार बन गया। नालंदा-तक्षशिला जैसे प्राचीन नाम तो हमने अपना लिए लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर पर हम कोई अहम सुधार नहीं ला सके। शिक्षक आज के दौर में एक ऐसा व्यक्ति बन गया जिसकी 'सीख' में शक होने लगा। वहीं पेरेन्ट्स 'रेन्ट' 'पे' कर के मुक्त हो गए। जबकि विद्यार्थियों ने विद्या की अर्थी बहुत पहले निकाल दी।

निःसन्देह हमने विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भारतीय मानस की रचनात्मकता को वैश्विक स्तर पर सराहा गया है। लेकिन यह कसैला सच भी इसी देश का है कि यहां साक्षरता अभियान धीमी गति से सरक रहे हैं। साक्षरता की सफलता इतनी नन्हीं बूंदों के रूप में मिली है कि आज भी विशाल भारतीय जनसागर के कंठ शिक्षा की दृष्टि से सूखे हैं। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से जहां प्रयास किए जा रहे हैं उन्हें कतई नकारा नहीं जा सकता। क्योंकि उन्हीं के कारण साक्षरता का आंकड़ा खिसक भी रहा है। जबकि सरकारी प्रयासों में (उद्देश्यों की शुभता होते हुए भी) क्रियान्वयन की लचरता सारे अभियान को प्रभावित कर रही है। यही वजह है कि साक्षरता अभियान का शुभ कारवां वांछित गति से नहीं बढ़ पा रहा है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यावसायीकरण और परिवर्तन की बयार के चलते भारतीय युवा अटकाव और भटकाव के शिकार हो रहे हैं। 64वां गणतंत्र एक पड़ाव हो सकता है जब हम शिक्षा पद्धति में आमूलचूल परिवर्तन की पहल जगा सकें।

## राजनीति

64 वर्षों में राजनीति सिर्फ एक गाली बनकर रह गई है तो यह दोष सिर्फ राजनीति का नहीं, बल्कि उस 'जन' का भी है जिसके दम पर तंत्र कायम होता है। हमारे चुनाव का सच यह है कि संसद में भेजे जाने वाले प्रतिनिधि वास्तव में प्रतिनिधि होते ही नहीं है। चुनावों के दौरान किसी भी शहर की आधी बुद्धिजीवी जनता मतदान के लिए जाती ही नहीं है। जो आधी जनता मतदान करती है उनमें से भी कछ प्रतिश बाहुबल, धनबल और जातिबल के आधार पर उम्मीदवार का चयन करती है। इसी में एक हिस्सा उस जनता का भी होता है जो मतदान का मतलब व तरीका भी नहीं जानती। ऐसे में संसद तक पहुंचे उस व्यक्ति को प्रतिनिधि कैसे मान लें और किसका प्रतिनिधि मान लें। वह जनता जिसने उसका चुनाव किया है क्या वह वास्तव में जनता कहलाने के योग्य है? और अगर नहीं तो उस सारी जनता को बिजली, सड़क, पानी और सुविधाओं के लिए सड़कों पर उतरने का कोई हक नहीं। उसे नेताओं को कोसने का भी कोई हक नहीं। एक पक्ष यह भी है कि जनता के सामने चुनाव में खड़े उम्मीदवारों में अगर हर कोई चोर-चोर-मौसेरे भाई है तो वह किसका चयन करें? क्यों उसके सामने 'नन ऑफ देम' का ऑप्शन नहीं होता? अगर नन ऑफ देम यानी 'इनमें से कोई नहीं' का ऑप्शन होगा तो सहज ही जनता द्वारा नकारे नेता एक तरफ होंगे। और सही एवं ईमानदार छवि वाले युवा आगे आ सकेंगे। 64 सालों के मुकाम पर आकर इस पर सोचना हमें ही है। क्योंकि यह जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन है। और नेता कौन है? वह भी तो हम जनता के बीच से उठा प्राणी ही है। फिर भला अपने ही बीच के अच्छे तथा बुरे का अंतर क्यों नहीं समझ पा रहे? हादसों के बाद नेताओं को गालियां देना सहज प्रतिक्रिया हो सकती है। लेकिन कब तक? कब तक हम अपनी गलतियों (मतदान) का ठीकरा उन पर फोड़ते रहेंगे? 64 वर्ष के परिपक्व गणतंत्र में जनता को इतना तो जागरूक व चैतन्य होना ही होगा हम अपने ही संविधान की लाज बचा सकें।

## मीडिया

गणतंत्र में देश का मीडिया जितना सशक्त होना चाहिए उतना वह नहीं हो सका। सशक्तता का अर्थ यह कदापि नहीं है जब चाहे किसी को फलक पर सजा दें और जब चाहे किसी को खाक में मिला दें। किसी भी देश के मीडिया में 'न्यूक्लियर पावर' से ज्यादा शक्ति है। परमाणु ताकत किसी भी देश को नष्ट कर सकती है। मगर उस देश पर राज करने के लिए वहां की बौद्धिक शक्ति पर नियंत्रण होना आवश्यक है। विनाश लीला रचना बेहद सरल है लेकिन बहुत मुश्किल है पूरे देश की जनता के दिलों पर राज करना। मीडिया पर नियंत्रण से यह बखूबी संभव है। मीडिया अगर अपनी ताकत को पहचानता और समझदारी का गुण दिखाता तो शायद यूं आरोपों के कटघरे में खड़ा नजर नहीं आता।

भारत का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अभी शैशवावस्था में है। इस अवस्था में कई गुनाह माफ होते हैं। लेकिन यहां हमारे बाल-मीडिया को इस बात की शाबाशी तो देनी होगी कि चाहे येन-केन- प्रकारेण (हास्य, सनसनी, अंधविश्वास) उसने अपना वर्चस्व बढ़ाया हो लेकिन यह श्रेय तो उसी के हिस्से में जाएगा कि उसने समाचारों को कुछ बुद्धिजीवियों के चंगुल से छुड़ाकर जन-जन में लोकप्रिय बना दिया। आज बरसों से समाचारों से वंचित वर्ग न्यूज चैनलों को चाव से देख रहे हैं। देश के मसलों पर कच्ची-पक्की चर्चा भी कर रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। सोचा इस बात पर जाना चाहिए कि क्या जो मीडिया परोस रहा है वह सही और संतुलित है? क्या दिखाया जाना चाहिए और क्या देखना चाहते हैं के बीच का सही संतुलन ही मीडिया का ध्येय होना चाहिए। जब तक इस संतुलन को राष्ट्रहित में कुशलता से साध नहीं लिया जाता तब तक मीडिया के बचकानेपन पर प्रश्नचिन्ह लगते रहेंगे।

इन 64 सालों की अतुलनीय उपलब्धि इंटरनेट को कहा जाएगा। जिसने प्रिंट की प्रामाणिकता और इलेक्ट्रॉनिक की गति दोनों पर विजय हासिल कर पाठकीय क्षुधा को दक्षतापूर्वक शांत किया है। यही वजह है कि ब्लॉग, पोर्टल्स एवं वेबसाइट्स के नित नए स्वरूप अस्तित्व में आ रहे हैं। यहां तक कि अखबारों के भी इंटरनेट संस्करण तेजी से बढ़ रहे हैं। पाठकों का एक आश्चर्यजनक वर्ग अखबारों और चैनलों को छोड़कर इससे जुड़ा है।

हर्ष का विषय है कि युवा और महिला देश के इन दो अहम वर्गों ने इस पर अपनी दमदार प्रतिभागिता दर्ज की है। शिक्षा, राजनीति तथा मीडिया भारत के आधारस्तंभ हैं। इन्हें अपने दायित्वों का विश्लेषण करना होगा। देश को सही दिशा में ले जाने की जिम्मेदारी इन्हीं के माध्यम से पूरी की जा सकती है।सच्चे गणतंत्र की राह में यह एक शुभ प्रयास होगा।

# आखिर 26 जनवरी को ही क्यों लागू हुआ संविधान

**भारत के आजाद हो जाने के बाद संविधान सभा की घोषणा हुई और इसने अपना कार्य 9 दिसम्बर 1947 से आरम्भ कर दिया। संविधान सभा ने 2 साल, 11 महीने, 18 दिन में भारतीय संविधान का निर्माण किया और संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान सुपुर्द किया, इसलिए 26 नवम्बर दिवस को भारत में संविधान दिवस के रूप में हर साल मनाया जाता है।**

हर साल 26 जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता हैं क्योंकि इसी दिन साल 1950 में हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। गणतंत्र दिवस के खास मौके पर राजपथ पर सेना की टुकड़ियाँ परेड करती हैं। लेकिन क्या आप जानते है कि आखिर 26 जनवरी को ही क्यों संविधान लागू किया गया। जी हाँ, इससे जुड़ा एक इतिहास है।

1929 में लाहौर में पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ, जिसमें प्रस्ताव पारित कर इस बात की घोषणा की गई कि अगर अंग्रेज सरकार 26 जनवरी 1930 तक भारत को डोमीनियन का पद नहीं प्रदान करेगी, जिसके तहत भारत ब्रिटिश साम्राज्य में ही स्वशासित एकाई बन जाता, तो भारत अपने को पूर्णतः स्वतंत्र घोषित कर देगा।

भारत के आजाद हो जाने के बाद संविधान सभा की घोषणा हुई और इसने अपना कार्य 9 दिसम्बर 1947 से आरम्भ कर दिया। संविधान सभा ने 2 साल, 11 महीने, 18 दिन में भारतीय संविधान का निर्माण किया और संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान सुपुर्द किया, इसलिए 26 नवम्बर दिवस को भारत में संविधान दिवस के रूप में हर साल मनाया जाता है।

कई सुधार और बदलाव के बाद सभा के 308 सदस्यों ने 24 जनवरी1950 को संविधान की दो हस्तलिखित कॉपियों पर हस्ताक्षर किए। इसके दो दिन बाद संविधान 26 जनवरी को यह देश भर में लागू हो गया। 26 जनवरी का महत्व बनाए रखने के लिए इसी दिन संविधान निर्मात्री सभा (कांस्टीट्यूएंट असेंबली) द्वारा स्वीकृत संविधान में भारत के गणतंत्र स्वरूप को मान्यता प्रदान की गई।




## 26 जनवरी : गणतंत्र दिवस पर जानिए संविधान की 7 खास बातें

